दिन–सोमवार | दिनांक– 18 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. चुनाव आयोग का फैसला – मतदाता पहचान पत्र को अब आधार से जोड़ा जाएगा।

02. प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने जमीन के बदले नौकरी मामले में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव से पटना में की गहन पूछताछ।

03. सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा – राज्य के एक हजार पैक्सों में कृषि यंत्र बैंक स्थापित किये जायेंगे।

04. और, नौ महीने से अधिक समय से अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसी सुनीता विलियम्स कल पृथ्वी पर लौटेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी सुरक्षित वापसी की कामना की।

---

मतदाता पहचान पत्र को आधार के साथ जोड़ा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गृह मंत्रालय और यूआईडीएआई अधिकारियों के साथ बैठक में आज इस संबंध में निर्णय लिया गया है। इस सिलसिल में यूआईडीएआई और आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच शीघ्र बैठक होगी। आयोग ने कहा है कि वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का कार्य मौजूदा कानून और जनप्रतिनिधित्व कानून उन्नीस सौ पचास के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। आयोग ने ये भी स्पष्ट किया कि वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का काम सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने जमीन के बदले नौकरी के धनशोधन मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से पटना स्थित कार्यालय में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों से पटना में अपार्टमेंट की जमीन और कुछ अन्य संपत्तियों को लेकर सवाल किया गया। इधर, ईडी ने इसी मामले में राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को कल पूछताछ के लिए तलब किया है। केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसी के पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होकर उन्हें अपना बयान दर्ज कराने को कहा गया है। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले साल जनवरी में भी लालू प्रसाद से इस मामले में लगभग दस घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

———————————————————————————

राजद की वरिष्ठ नेत्री और सांसद मीसा भारती ने कहा है कि ईडी अपना काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच में हर तरह का सहयोग किया जा रहा है।

———बाइट———

———————————————————————————

विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान विपक्षी दल राजद, कांग्रेस और वाम दलों का हंगामा जारी है। विधानसभा में आज प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्यों ने सदन में ताली बजाकर अपना विरोध जताया। हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही बार–बार बाधित हुई। बाद में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के समझाने पर विपक्षी सदस्य शांत हुए और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच नोंक–झोंक भी देखने को मिली।

———————————————————————————

विधान सभा में मुख्य विपक्षी दल राजद और अन्य घटक दलों ने राज्य में निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार कानून के कार्यान्वयन में शिथिलता को लेकर आज जमकर हंगामा किया। प्रश्नकाल के दौरान सरकार ने स्वीकार किया कि विभिन्न विद्यालयों में निर्धारित मानदंड से कम नामांकन हुआ है। इसे लेकर विपक्षी सदस्य सदन के बीचो बीच आकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। नारेबाजी और शोरगुल के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

———बाइट———

मुख्यमंत्री के उत्तर के बाद विपक्ष के सदस्य शांत हुए और अपनी अपनी सीट पर चले गये।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने नयी पेंशन योजना के स्थान पर प्रदेश में सरकारी कर्मियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल करने की मांग की है। श्री शाहीन ने इस विषय को लेकर आज विधान सभा में कार्य स्थगन प्रस्ताव पेश किया। जिसे अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया। इधर, कांग्रेस के अजीत शर्मा ने शहर के अस्पतालों और नर्सिंग होम से निकलने वाले मेडिकल कचरे के मानक के

अनुरुप निस्तारण नहीं होने का मुद्दा उठाया। श्री शर्मा ने कहा कि पटना में इससे महामारी के खतरे की आशंका बढ गयी है।

---

प्रदेश के एक हजार पैक्स में कृषि यंत्र बैंक स्थापित किये जायेंगे। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने आज विधानसभा में विभागीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में अधिप्राप्ति कार्य में जुटे पैक्सों और व्यापार मंडलों को प्रोत्साहित करने के लिए एक अरब पचास करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, विभिन्न पैक्सों और व्यापार मंडलों में गोदामों के निर्माण के लिए एक अरब पचास करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इससे दो लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता बढ़ेगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस बार दो लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जाएगी। जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार चार सौ पच्चीस रूपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि डेढ़ हजार दुग्ध सहकारी समितियों को बैंक मित्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे दुग्ध उत्पादक किसानों को अपने दुग्ध का भुगतान डीवीटी के माध्यम से होगा और उन्हें डोर–स्टेप बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

———बाइट———

---

बीपीएससी की तृतीय चरण शिक्षक भर्ती परीक्षा का अब कोई सप्लीमेंटरी रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने आज विधानसभा में एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा का चौथा चरण मई में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि जो भी रिक्तियां बची हैं उन्हें चौथे चरण में ही जोड़ दिया जाएगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को प्रतिबिंबित किया है और पूरे विश्व ने देश की शक्ति को देखा है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की विशेषता है, जिसे हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान अनुभव किया गया। महाकुंभ पर आज लोकसभा में बयान देते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब पूरा विश्व चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है, तो इस एकता का भव्य प्रदर्शन देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विविधता में एकता की इस विशेषता को समृद्ध करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

———बाइट———

अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, ये हम हमेशा कहते आए हैं, ये हमने हमेशा महसूस किया है और इसी के विराट रूप का अनुभव हमने प्रयागराज महाकुंभ में किया है। हमारा दायित्व है कि अनेकता में एकता की इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहे।

जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कई नदियां हैं और उनमें से कुछ खतरे में हैं।

———बाइट———

महाकुंभ से हमें अनेक प्रेरणाएं भी मिली हैं। हमारे देश में इतनी सारी छोटी बड़ी नदियां हैं, कई नदियां ऐसी हैं, जिन पर संकट भी आ रहा है। कुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन ने भारत की क्षमता के बारे में कुछ लोगों में संदेह को दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन ने देशवासियों को बहुत प्रेरणा दी है क्योंकि इसका नेतृत्व स्वयं लोगों ने किया था।

---

लोक जनशक्ति पाटी, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में महाकुंभ के सफल आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं का सम्मान किया।

———बाइट———

---

अमरीका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा है कि नौ महीने से अधिक समय से अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स आज रात पृथ्वी पर लौट आएंगे। ड्रैगन अंतरिक्ष यान दोनों को लेकर कल सुबह तीन बजकर सत्ताईस मिनट पर पृथ्वी पर उतरेगा। नासा की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ड्रेगन अंतरिक्ष यान को पृथ्वी पर वापसी के लिए तैयार किया जा रहा है। यान के लिए स्थितियां भी अनुकूल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स के नाम एक भावपूर्ण पत्र लिखकर उनकी सुरक्षित वापसी की कामना की है। एक मार्च दो हजार पच्चीस को लिखा गया, प्रधानमंत्री का पत्र राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। इस पत्र में प्रधानमंत्री ने लिखा है, भले ही आप हजारों मील दूर हैं, लेकिन आप हमारे दिलों के बेहद करीब हैं। भारत के लोग आपकी अच्छी सेहत और आपके मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

---

राजधानी पटना समेत राज्य के उत्तरी, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में वृद्धि का क्रम जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, वाल्मिकीनगर, सुपौल, अररिया, शेखपुरा, सीवान, बांका, मुंगेर और भागलपुर समेत विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान पैंतीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी का क्रम जारी रहेगा। इसके बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से इक्कीस मार्च से तेईस मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है। विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

---

राज्य में पहली बार सेपक टाकरा विश्वकप, दो हजार पच्चीस का आयोजन आगामी बीस मार्च से पटना के पाटलिपुत्र स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स में किया जायेगा। पच्चीस मार्च तक चलने वाले आयोजन के दौरान दुनिया की बीस टीमें भाग लेंगी। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इधर, विभिन्न टीमों के पटना पहुंचने का सिलसिला जारी है। फ्रांस की टीम ने आज अभ्यास भी किया।

---

रोहतास पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के तकिया इलाके में गोलीबारी की घटना के आरोपी अठारह लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना के पीछे जमीन विवाद का मामला सामने आया है।

---

खगड़िया पुलिस और डीआईयू की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर मानसी थाना क्षेत्र के मटिहानी शिव मंदिर के पास से दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार देशी पिस्तौल और तीस कारतूस बरामद की गयी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. चुनाव आयोग का फैसला – मतदाता पहचान पत्र को अब आधार से जोड़ा जाएगा।

02. प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने जमीन के बदले नौकरी मामले में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव से पटना में की गहन पूछताछ।

03. सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा – राज्य के एक हजार पैक्सों में कृषि यंत्र बैंक स्थापित किये जायेंगे।

04. और, नौ महीने से अधिक समय से अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसी सुनीता विलियम्स कल पृथ्वी पर लौटेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी सुरक्षित वापसी की कामना की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।